# नगर निगम, सहारनपुर।

पत्र सं0: 15 /स्वा0वि0/न0नि0सहा0/2020–21 दिनांक: 08/05/2020

## –::अति अल्पकालीक निविदा सूचना::–

नगर आयुक्त सहारनपुर नगर निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर के प्रमुख नाले की तलीझाड सफाई/सिल्ट निस्तारण कार्य हेतु दिनांक 15.05.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे तक वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर आन लाईन के माध्यम से ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा शुल्क अंकन 1298.00 रू0 आईसीआईसीआई बैंक अम्बाला रोड/पार्श्वनाथ प्लाजा सहारनपुर में जो नगर निगम सहारनपुर द्वारा संचालित खाता संख्या 019101003452 में चालान द्वारा जमा कर, जमा चालान निविदा के साथ अपलोड करेंगें एंव निविदा के साथ जमानत राशि अंकन एक लाख आठ सौ रूपये की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर के नाम बंधक कराकर व अन्य आवश्यक अभिलेखो के साथ संलग्न कर निर्धारित दिनांक व समय तक अपलोड करने के उपरान्त अपलोड किये गये अभिलेख का बन्द लिफाफा दिनांक 15.05.2020 को सांय 4.00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डाल सकते है। निविदा बॉक्स ऑन लाईन निविदा दिनांक 15.05.2020 को समिति एंव उपस्थित निविदादाता के समक्ष खोली जायेगी। विस्तृत शर्ते , विवरण वैबसाईट http://etender.up.nic.in, व saharanpurnagarnigam.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-Bid Reference | तलीझाड नाला सफाई एवं सिल्ट निस्तारण |
| Publish date & time for RFP | 09.05.2020 |
| Last date time for submission of E-Bid | 15.05.2020 3:00 PM |
| Date & Time of Opening Bid | 15.05.2020 4:30 PM |
| E-Bids security of E –Bids | Rs.1,00,800.00 |
| E-Tender document Processing | File No. SWNS-1 As per tender list |

नोट– बिना धरोहर राशि एवं टेन्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा ।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर।

**प्रतिलिपि–**

1. मा0 महापौर, नगर निगम, सहारनपुर ।
2. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित ।
3. लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. आई0टी0 आफिसर को अपनी देख–रेख में टैण्डर नोटिस व शर्ते अपलोड करने व बिड खुलवाने हेतु।
5. सम्पादक दैनिक अमर उजाला एंव दैनिक शाह टाइम्स को इस आशय से कि उक्त विज्ञापन सूचना का प्रकाशन कम से कम स्पेस में (नौ फोन्ट) में डीएवीपी दर पर कराकर बिल 2 प्रतियो में समाचार पत्र की 3 प्रतियो सहित प्रस्तुत करे।
6. सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर।

Scanned with CamScanner

## स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, सहारनपुर।
## कार्य का प्रकार व विवरण तथा शर्तें।
## वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु तलीझाड नाला सफाई एवं सिल्ट निस्तारण कार्य

| क्र0 सं0 | पत्रावली सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित आंगणन (रू0 में) | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा मूल्य (रू0 में) (जी0एस0टी0 सहित) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SWNS-1 | लेबर कालोनी पम्पिंग स्टेशन से शारदा नगर गत्तामिल रेलवे कॉसिंग होते हुये अम्बाला रोड पुलिस चौकी केगी नाले तक तलीझाड नाला सफाई/सिल्ट निस्तारण का कार्य। | 1008000.00 | 100800.00 | 1298.00 | 15 दिन |

**शर्तें:–**

1. ई–निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर के पक्ष में बन्धक कराकर संलग्न करना अनिवार्य है। विना जमानत राशि एवं विना जमा किये टैण्डर मूल्य के निविदा अवैध मानी जायेगी। उस पर कोई विचार नही किया जायेगा।
2. निविदादाता को पेन कार्ड, अधार कार्ड, एवं जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन (वैद्य अवधि) की छायाप्रति संलग्न कराना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
4. निविदादाता को उक्त कार्य का अनुभव होना चाहिए।
5. यदि कार्य स्थल पर कोई घटना/दूर्घटना उत्पन्न होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। नगर निगम किसी भी प्रकार की घटना/दूर्घटना का जिम्मेदार नहीं होगा।
6. यह कि निविदादाता द्वारा नाले की तलीझाड सफाई कराते हुये सिल्ट निस्तारण कराया जायेगा। तथा निविदादाता अपने श्रमिकों को सेफ्टी किट एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध करायेगा।
7. यह कि यदि कार्य पर नियमानुसार कोई टैक्स देय हो तो उसे अदा करने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
8. यह कि कार्य करने से पूर्व कार्य के फोटोग्राफ एवं कार्य पूर्ण होने के उपरान्त फोटोग्राफ एवं कार्य का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
9. यह कि प्राप्त निविदाऐं, निविदा समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा समिति की आख्या उपरान्त निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय में निहित है।
10. किसी भी वाद–विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय नगर आयुक्त महोदय का होगा, जो कि दोनों पक्षों को मान्य होगा।
11. नगर आयुक्त महोदय को जनहित/निगमहित में किसी भी समय किसी भी शर्त को घटाने/बढ़ाने अथवा नई शर्त आरोपित करने का अधिकार होगा।
12. यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को अवकाश रहता है तो निविदा की कार्यवाही को अगले कार्यशील दिवस में होगी।
13. चुंकि वर्षा ऋतु प्रारम्भ होने वाली है। ऐसी दशा में कार्य कराये जाने की अवधि को 15 दिन से अधिक बढ़ाया जाना सम्भव नहीं होगा।
14. यह कि स्वीकृत निविदादाता को अंकन 100.00 का स्टाम्प पेपर अनुवन्ध हेतु प्रस्तुत करना होगा।
15. यह कि निविदादाता को, सरकारी विभाग/अर्द्धसरकारी विभाग में ब्लैक लिस्ट न होने का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
16. यह कि कार्य अवधि के भीतर कार्य पूर्ण करना होगा अन्यथा कि स्थिति में 1000.00 रू0 प्रतिदिन अथवा नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार धनराशि की कटौती करते हुये विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

सी0एस0आई0, गैराज
नगर निगम, सहारनपुर।
सी0 एस0 आई0
नगर निगम, सहारनपुर

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर।
नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम
सहारनपुर

Scanned with CamScanner